खबर संक्षेप

भाजपा समर्पण निधि में शहडोल ने 41 पार का बनाया रिकार्ड

शहडोल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के खाते में शहडोल से समर्पण निधि के रूप में अब तक की सबसे अधिक राशि 41 लाख 16 हजार 500 रूपये जमा कर नया रिकार्ड बनाया गया है। समर्पण निधि के लिए संगठन की ओर से भाजपा के वरिष्ठ नेता दौलत मनवानी को जिला का प्रभारी बनाया गया था। जिनके द्वारा यह राशि प्रदेश भाजपा पदाधिकारी को सौंपी गई है। इस संदर्भ में जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने बताया कि आजीवन सहयोग निधि एकत्रीकरण अभियान पार्टी के निर्देश पर प्रारंभ किया गया था, भाजपा विचारधारा आधारित संगठन है, पं. दीन दयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि 11 फरवरी को समर्पण दिवस मनाने के उपरांत इसे पूरे प्रदेश में प्रारंभ किया गया था। उन्होंने बताया कि पार्टी की ओर से दौलत मनवानी को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जिन्होंने जिले के इतिहास में रिकार्ड निधि जमा कराई है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का समर्पण हमारे संगठन की एकजुटता और राष्ट्र हित की भावना को और सशक्त करेगा। दौलत मनवानी ने बताया कि राशि को जमा कर दिया गया है, समर्पण निधि के माध्यम से शहडोल जिले के कार्यकर्ताओं ने संगठन और राष्ट्र के प्रति अपनी अटूट निष्ठा प्रकट की है। यह योगदान संगठन की शक्ति और राष्ट्र हित के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

गाय के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने वाला आरोपी धराया

शहडोल। जिले से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। अटल कामधेनु गौ सेवा संस्थान धनपुरी में एक युवक ने बीमार और उपचाराधीन गायों के साथ अप्राकृतिक कृत्य कर न केवल गौ माता की पवित्रता को कलंकित किया, बल्कि पशु प्रेमियों की भावनाओं को भी गहरी ठेस पहुंचाई। धनपुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत आरोपी ने संस्थान का ताला तोडकर रात के अंधेरे में अंदर घुसा। वहां मौजूद बीमार गायों के साथ उसने घिनौना कृत्य किया। यह पूरी घटना संस्थान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। सुबह जब गौ सेवकों ने सीसीटीवी फुटेज देखा तो, उन्हें इस घटना का पता चला। तत्काल गौ सेवकों ने आरोपी को धर दबोचा और धनपुरी पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी की पहचान गब्बर नामक व्यक्ति के रूप में हुई है, घटना की जानकारी मिलते ही पशु प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश फैल गया। लोगों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। धनपुरी पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी गब्बर के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि इस मामले की विस्तृत जांच जारी है और आरोपी को जल्द ही न्यायिक प्रक्रिया के तहत सख्त सजा दिलाने की कोशिश की जाएगी। वहीं संस्थान प्रबंधन ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता करने की बात कही है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

एसडीएम ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को दृष्टिगत रखते हुए अधिकारियों ली बैठक

शहडोल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 9 जून 2025 को जिले में ब्यौहारी में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह ने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी दी तथा आयोजन को सफल बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश एवं जवाबदारियां सौंपी। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह ने बताया कि कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विकास विभागों द्वारा प्रदेश सरकार की योजनाओं, नीतियों तथा उपलब्धियों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी। उन्होनें कार्यक्रम स्थल पर जनजातीय कार्य विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन की बहनों द्वारा तैयार उत्पादों, जल जीवन मिशन, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाएंगी। उन्होंने कहा कार्यक्रम में भाग लेने वाले हितग्राहियों की जानकारी संकलित कर ली जाए तथा उन्हें आने-जाने में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े।

कोल सम्मेलन में सीएम से 100 करोड़ के नोटिस का जवाब मांगेगी दुईजी कोल

आदिवासी महिला को शिकायत के जवाब में मिला 100 करोड़ का नोटिस

इलाकेदार के बेजा कब्जा को हटाने के लिए कलेक्टर को दी थी शिकायत

शहडोल में आज भी आदिवासियों को नहीं मिला रहा पेशा एक्ट का लाभ

जिले में आज भी आदिवासी अपने हक की लड़ाई के लिए छटपटा रहे है, पेशा एक्ट सहित जिले की समस्त विधानसभा से लेकर त्रि-स्तरीय पंचायती राज में दिये गये हक भी बेमानी साबित हो रहे हैं। खैरहा पंचायत के इलाकेदार के द्वारा नजूल की भूमि पर बेजा कब्जा की शिकायत करने के बाद आदिवासी महिला सरपंच को 100 करोड़ का नोटिस भेजा गया, जिस कारण उसे गहरा आघात पहुंचा। इधर जांच शून्य है, उधर पेशा एक्ट की धज्जियां उड़ रही हैं।

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।

आदिवासी समाज को मुख्य धारा से जोडऩे के लिए प्रदेश से लेकर केन्द्र तक सैकड़ों कानून बनाये गये, बीते दिनों उमरिया प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव ने फिर एक बार पेशा एक्ट को लेकर आदिवासियों को दिये गये अधिकार याद दिलाये, इससे पहले जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत राज से लेकर विधानसभा और लोकसभा सभी सीटों को आदिवासियों के लिए आरक्षित किया गया, आगामी 9 मई को मुख्यमंत्री इसी आदिवासी समुदाय के कोल सम्मेलन में शिरकत कर रहे हैं, लेकिन जिले के अंदर आदिवासियों के हकों का हर दिन चीरहरण हो रहा है, नौकरशाह जनप्रतिनिधियों को दरकिनार कर मनमानी पर उतारू हैं। नया मामला सोहागपुर जनपद की खैरहा पंचायत का है, यहां इलाकेदार रघुनंदन सिंह पर स्थानीय सरपंच ने शासकीय भूमि पर कब्जा करने के आरोप लगाते हुए 11 अप्रैल को एक शिकायत दी थी, शिकायत की जांच कहां तक पहुंची, यह तो जिम्मेदार ही जाने, लेकिन शिकायत को दबाने और आदिवासी महिला सरपंच पर दबाव बनाने और उसे मानसिक रूप से आघात पहुंचाने के लिए इलाकेदार के द्वारा किया गया प्रयास जरूर रंग ला रहा है। खैरहा की महिला सरपंच दुइजी कोल को रघुनंदन सिंह की ओर से 100 करोड़ का नोटिस थमा दिया, जिससे अनपढ़ आदिवासी परिवार के लोग डरे हुए हैं।

यह था शिकायत का सार

खैरहा की सरपंच दुईजी कोल ने बुढ़ार तहसीलदार सहित कलेक्टर व एसडीएम सोहागपुर को 11 अप्रैल को शिकायत दी थी, जिसमें खैरहा के विकास एवं निस्तार के लिए शासकीय भूमि का सीमांकन कराने का उल्लेख किया गया था, शिकायत

पत्र में खैरहा निवासी रघुनंदन सिंह उर्फ राजा भईया जिनके पास पुस्तैनी सैकड़ों एकड़ भूमि बताई जाती है, उन पर पंचायत के हर निर्माण कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने के आरोप लगाये गये थे, पाठशाला निर्माण से लेकर सडक़ निर्माण, आंगनबाड़ी निर्माण आदि में उनके द्वारा अनावश्यक दबाव बनाया जाता है, शिकायत में यह भी लिखा कि प्रशासनिक टीम बनाकर राजस्व रिकार्ड में दर्ज शासकीय भूमि मुक्त कराएं, जिससे प्रदेश भाजपा सरकार की मंशा पूरी हो और जनहित में निर्माण कार्य कराये जा सकें।

भेजा 100 करोड़ का नोटिस

रघुनंदन सिंह पिता स्व. कुंवर मंधाता सिंह निवासी खैरहा के द्वारा इस मामले में 30 अप्रैल को आदिवासी महिला सरपंच दुईजी बाई कोल व अन्य को मानहानि का नोटिस भेजा गया, जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि रघुनंदन सिंह खैरहा के पूर्व इलाकेदार के वंशज हैं, नोटिस में यह भी उल्लेख किया गया कि खैरहा और इसके आस-पास की दर्जनों एकड़ भूमियों का अधिकार उनके पास है, उनके खिलाफ माननीय न्यायालय में दायर वाद के निराकरण में पैतृक भूमियों को अतिशेष भूमि घोषित किया जाकर मध्यप्रदेश शासन दर्ज किया गया था, यह आदेश राजस्व मंडल ग्वालियर ने निरस्त कर दिया था, वर्तमान में प्रकरण पुनः अपर आयुक्त न्यायालय में लंबित है, संपूर्ण पैतृक भूमियों पर रघुनंदन सिंह का हक व अधिकार है, दी गई शिकायत और उसके बाद सोशल मीडिया में किया गया प्रकाशन सोच-समझकर सम्मान को ठेस पहुंचाने का कृत्य है, जिसकी क्षतिपूर्ति की गणना पैसों से नहीं की जा सकती। अतः 100 करोड़ रूपये की क्षति प्राप्त करने का रघुनंदन सिंह अधिकारी है।

राजनैतिक तामझाम या मिलेगा हक

कोल समाज की चुनी गई महिला सरपंच जिसे पूरे पंचायत के वाशिंदों ने अपना मत देकर गांव का प्रथम व्यक्ति बनाया, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने अंचल के हर कार्यक्रम में पेशा एक्ट के अधिकारों का गुणगान करते नहीं थकते, 9 मई को जिस कोल समाज के अधिकारों को सहेजने और उन्हें मुख्य धारा से जोडऩे के लिए प्रदेश भर के कोल जनजाति के वाशिंदों को संबोधित करने खुद मुखिया पहुंच रहे हैं, इन सबके बीच यदि कोल समाज की जनप्रतिनिधि को इलाकेदार महज एक शिकायत, जिसकी एक माह में जांच तक नहीं शुरू हुई, दबाव बनाने की नीयत से 100 करोड़ का नोटिस थमा रहे हैं, ऐसे में 9 मई को कोल समाज का वृहद कार्यक्रम सिर्फ राजनैतिक कोरम और तामझाम ही नजर आता है।

अलंकरण पब्लिक स्कूल में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।

आकाशवाणी के पास स्थित अलंकरण पब्लिक स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर, स्कूल की डायरेक्टर डॉ. सीमा हथगेल ने बताया कि इस समय बच्चों की गर्मियों की छुट्टियां चल रही हैं और पिछले एक महीने से यहां बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बच्चे अपनी रुचि के अनुसार विभिन्न प्रतिभाओं को और बेहतर तरीके से विकसित कर रहे हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना था। डॉ. हथगेल ने कहा, प्रकृति हमें सब कुछ देती है और इसके प्रति हमारी जिम्मेदारी बनती है। हर व्यक्ति, चाहे वह बच्चा हो या बड़ा, पर्यावरण का संरक्षण कर सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों के अंदर सेवा भाव और प्रकृति प्रेम बढ़ता है। स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती सोनू पांडे ने सभी शिक्षकों और बच्चों को जल संरक्षण, वाटर हार्वेस्टिंग, और पानी के व्यर्थ बहाव को रोकने के लिए शपथ दिलाई। इस शपथ का उद्देश्य बच्चों को जल के महत्व को समझाना और उन्हें दूसरों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित करना था।

एक पेड़ माँ के नाम

इस अवसर पर सभी बच्चों को पौधा रोपण करने हेतु एक-एक पौधा वितरित किया गया। बच्चों को निर्देशित किया गया कि वे इन पौधों की सेवा करें और प्रकृति की रक्षा में अपना योगदान दें। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 30 फलदार पौधों का वितरण किया गया, जिनमें आम, अमरुद, जामुन आदि शामिल थे। पौधों के वितरण के दौरान, स्कूल के एक शिक्षक ने कहा, यह सिर्फ एक पौधा नहीं है, बल्कि यह हमारी जिम्मेदारी है। बच्चों को यह सिखाना जरूरी है कि हमारे छोटे-छोटे प्रयास भी पर्यावरण को बचाने में सहायक हो सकते हैं। इस कार्यक्रम में बच्चों ने न केवल पौधों को रोपित किया, बल्कि इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर भी चर्चा की। उन्होंने अपनी कलात्मक प्रतिभाओं का प्रदर्शन करते हुए पर्यावरण से संबंधित पोस्टर भी बनाए।

प्रकृति को समझते हैं बच्चे

विश्व पर्यावरण दिवस का यह आयोजन बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने और उन्हें प्रकृति से जोडऩे का एक महत्वपूर्ण कदम था। इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को न केवल प्रकृति के प्रति जिम्मेदार बनाते हैं, बल्कि उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए भी तैयार करते हैं। डॉ. सीमा हथगेल का मानना है कि जब बच्चे प्रकृति को समझते हैं और उसकी रक्षा करने के लिए प्रेरित होते हैं, तो वे आने वाले कल के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ पर्यावरण का निर्माण कर सकते हैं। इस प्रकार, अलंकरण पब्लिक स्कूल ने एक महत्वपूर्ण संदेश दिया कि सभी को मिलकर हमारे पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए और इसे सहेजना चाहिए।

राजभाषा वैज्ञानिक कार्यशाला में विवि के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।

भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधीन कार्यरत भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, मध्य प्रदेश प्रादेशिक केंद्र, जबलपुर, द्वारा दो दिवसीय द्वितीय राजभाषा वैज्ञानिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला 31 मई एवं 1 जून 2025 को विज्ञान भारती महाकौशल प्रांत, राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (नासी), भोपाल चैप्टर एवं नगर राजभाषा क्रमांक 2 भारत सरकार गृह मंत्रालय के सहयोग से संपन्न हुई। इस विशेष आयोजन में पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल के प्राणी शास्त्र विभाग के स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यशाला में चयनित कुल 38 शोधकर्ताओं ने राजभाषा हिंदी में अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए, जिससे वैज्ञानिक समुदाय में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा मिला। विशेष रूप से विश्वविद्यालय के प्राणिशास्त्र विभाग से अंकित शुक्ला एवं अर्पिता मिश्रा, पीएचडी शोधार्थी अंजलि द्विवेदी एवं शिवानी सेन,एमएससी की छात्रा मानसी सैनी, स्नातक के विद्यार्थी सुचिता तिवारी, जय राज रजक, प्रिंसी राजपूत एवं रिया सिंह परिहार ने जैव विविधता, जीआईएस, वर्गीकरण विज्ञान, जीवाश्म विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परंपरा जैसे विषयों पर अपनी अपनी प्रस्तुति दी।ओरल प्रेजेंटेशन की श्रेणी में अंकित कुमार शुक्ला ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं रिया सिंह परिहार ने तृतीय स्थानअर्जित कर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस कार्यशाला ने न केवल विद्यार्थियों को राजभाषा में शोध अभिव्यक्ति का मंच प्रदान किया, बल्कि वैज्ञानिक सोच को हिंदी भाषा में प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल भी सिद्ध हुई। इस कार्यशाला में डॉ.एस.पी.गौतम, पूर्व निर्देशक प्रदूषण नियंत्रक बोर्ड, डॉ आरएस मिश्र कुलगुरु महाकौशल विश्वविद्यालय, डॉ. पी.एस.भटनागर वैज्ञानिक सी भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, डॉ शिवेश प्रताप सिंह (नासी) भोपाल, डॉ.नितिन जोशी निर्देशक सर्वे ऑफ़ इंडिया, डॉ. शिवाकांत बाजपेई निर्देश भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, एवं अंकित राय संगठन मंत्री विज्ञान भारती उपस्थित रहे एवं अपना वक्तव्य दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.संदीप कुशवाह वैज्ञानिक सी भारतीय प्राणी सर्वेक्षण द्वारा की गई।

सूदखोर समाज के लिए बने नासूर

पीड़ित दंपति ने विधायक और कप्तान से लगाई मदद की गुहार

शहडोल।

जिले में सूदखोरी का जाल दिनों-दिन गहराता जा रहा है। अब इस अवैध धंधे में पुरुषों के साथ महिलाएं भी शामिल हो गई हैं। ताजा मामला बुढार थाना क्षेत्र का है, जहां एक महिला सूदखोर ने पैसे की वसूली के लिए पीड़ित परिवार के घर में घुसकर न केवल गाली-गलौच की, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित दंपति ने बुढार थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने महज औपचारिकता निभाते हुए दोनों पक्षों की शिकायत पर एनसीआर काट कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। पुलिस की इस लापरवाही से नाराज दंपति ने अब मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और एसपी कार्यालय की क्यूआर कोड सेवा में भी शिकायत की है। न्याय न मिलने से हताश पीड़ित अब विधायक के शरण में पहुंचे और मदद की गुहार लगाई।

कप्तान सहित विधायक से न्याय की गुहार

बुढार थाना क्षेत्र के आदर्श कॉलोनी में किराये के मकान में रहने वाले दिनेश मिश्रा ने पारिवारिक संकट के चलते धनपुरी निवासी एक महिला से ब्याज पर पैसे लिए थे, श्री मिश्रा का कहना है कि उन्होंने तय समय पर ब्याज की किस्तें चुकाई, लेकिन हाल के दिनों में आर्थिक तंगी के चलते कुछ किश्तें लेट हो गईं। इस पर सूदखोरी का धंधा कर रही महिला उनके घर पहुंच गई और अभद्र भाषा में बात करते हुए धमकी देने लगी, पीड़ित परिवार जब शिकायत लेकर थाने पहुंचा, तो उन्हें न्याय दिलाने की बजाय पुलिस ने मामूली रिपोर्ट दर्ज कर मामला रफा-दफा कर दिया। इस रवैये से आहत दंपति ने सीएम हेल्पलाइन और पुलिस अधीक्षक से शिकायत करने के बाद अब विधायक से न्याय की गुहार लगाई है।

भयावह होंगे परिणाम

पीड़ित परिवार का कहना है कि उन्हें एक छोटे से आर्थिक संकट ने कानूनी और सामाजिक यातना में धकेल दिया है। एक ओर सूदखोर महिला की धमकियां हैं, तो दूसरी ओर पुलिस की निष्क्रियता, अब मामला जिले के वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंच चुका है और पीड़ितों को एक बार फिर न्याय का आश्वासन मिला है। वही इस पूरे मामले में पुलिस की तरफ से इस मामले में कुछ भी कहने से बचते रहे, यह मामला न केवल सूदखोरी की बढ़ती घटनाओं की ओर इशारा करता है, बल्कि पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। जब पीड़ित खुद न्याय की गुहार लेकर थाने पहुंचते हैं और उन्हें महज एनसीआर थमा दी जाती है, तो यह साफ है कि स्थानीय प्रशासन ऐसे गंभीर मामलों को कितनी गंभीरता से ले रहा है। यदि समय रहते प्रशासन ने इसे नहीं रोका, तो इसके परिणाम भयावह हो सकते हैं।

मांग थी बहाल होने की, 3 से बढ़कर 9 हुई संख्या

धनपुरी। नगर पालिका के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने बुधवार को साथ कार्य कर रहे तीन कर्मचारियों को कार्य से पृथक करने का विरोध करते हुए परिसर में जमकर हंगामा मचाया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित एक अन्य कर्मचारी पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि श्रीराम फायनेंस कंपनी से कुछ कर्मचारियों ने लोन लिया था, जिसकी राशि भी जमा कर दी, पुलिस द्वारा एक अन्य मामले में अन्य के साथ इन्हें भी आरोपी बनाया गया, यह मामला अभी प्रमाणित नहीं हुआ है, बावजूद इसके तीन कर्मचारियों को पद से पृथक कर दिया गया है। कर्मचारियों को दोबारा बहाल करने की मांग को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र सौंपा गया।

तीन से हुए नौ, अन्य पर भी गाज

कर्मचारियों के द्वारा सौंपे गये पत्र और उनकी मांगों को सुनने के बाद नगर पालिका प्रबंधन ने कर्मचारियों के ऊपर तैनात पालिका के कर्मचारी के द्वारा बिना वरिष्ठ अधिकारी को जानकारी दिये ही तीन कर्मचारियों को कार्य से पृथक करना पाया गया, बताया गया कि कुल 9 कर्मचारियों के नाम इस सूची में शामिल थे। जिसमें 4 विनिमय और 5 अन्य कर्मचारी शामिल हैं। राजन नामक पालिका के स्थाई कर्मचारी की इसमें लापरवाही पाई गई, तथा इस संदर्भ में वरिष्ठ कार्यालय से मार्गदर्शन आने तक तीन की जगह नौ कर्मचारियों को आगामी आदेश तक के लिए कार्यमुक्त किया गया। वहीं लापरवाही बरतने वाले राजन नामक मेट से काटा गया वेतन जुर्माने पूर्वक वसूलने के आदेश दिये गये।

आमजन मलेरिया रोग के प्रति रहें जागरूक एवं सतर्क

मलेरिया जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

शहडोल।

प्रत्येक वर्ष की भांति जून 2025 में मलेरिया निरोधक माह के रूप में मनाया जा रहा है। मलेरिया निरोधक माह के अवसर पर जिला मलेरिया कार्यालय से मलेरिया से संबंधित जन जागरूकता हेतु मलेरिया रथ एवं रैली को जिला मलेरिया अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ जिले के विभिन्न विकासखंडों ग्रामों, ग्राम पंचायत, हाट बाजारों में भ्रमण कर जनमानस में जन जागृति हेतु प्रचार प्रसार करेगा। इस अवसर पर जनमानस से अपील की गई की मानसून प्रारंभ होने के साथ ही मच्छरों की उत्पत्ति स्थलों की संख्या बढ़ जाती है, जिसके कारण मच्छर जन परिस्थितियों निर्मित होती हैं और

मलेरिया वाहक अन्य मच्छर जनित बीमारियों का प्रसार अधिक होने लगता है इन्हीं के बचाव के लिए माह जून में जनमानस में जन जागृति लाने हेतु मलेरिया निरोधक गतिविधियां चलाई जाती हैं सभी लोग अपने-अपने घरों के आसपास साफ सफाई रखें अपने घरों कार्यालय के आसपास जल जमाव न होने देवे घरों में रखे हुए अनुपयोगी बर्तनों कूलर टंकी टायर पशु पक्षियों के पानी पीने के बर्तनों को नियमित अंतराल में साफ कर पुनः प्रयोग करें, कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। बुखार आने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र आशा ए एन एम से निःशुल्क खून की जांच करावे एवं उपचार लेवे मलेरिया संक्रमण मादा एनाफिलीज मच्छरों के काटने से फैलता है, मलेरिया से बचाव के लिए सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें तथा अपने आस-पास जल जमाव न होने देवे, रुके हुए पानी में जला हुआ तेल या केरोसिन तेल डालें उक्त अवसर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, जिला मलेरिया अधिकारी के समस्त अधिकारी कर्मचारी, सभी विकासखंडों के मलेरिया सुपरवाइजर, प्रभारी मलेरिया निरीक्षक एवं शहरी क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

विश्व पर्यावरण दिवस पर शीतला माता मंदिर प्रांगण में पौधा रोपण

हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा। जन अभियान परिषद के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में वि.ख.अनूपपुर से.क्र.04 जमुना कॉलरी शीतला माता मंदिर प्रागंण में फलदार पौधों का रोपण किया गया जिसमें अमरूद, आम, आंवला के पौधे रोपित किए गए एवं उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प भी लिया गया तत्पश्चात जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत संगोष्ठी एवं शपथ लिया गया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था पसान प्रतिनिधि विजय जायसवाल सचिव श्रीमती अन्नपूर्णा देवी परामर्शदाता श्रीमती शिवानी सिंह पार्षद अजय यादव भूतपूर्व पार्षद बद्री प्रसाद केवट एवं सीएमसीएलडीपी छात्र पारस मुखर्जी, शुभम गुप्ता, शुभांशी, हिमांशु गुप्ता, ईश्वरी देवांगन, नमरा फातिमा गनेशिया देवी एवं स्थानीय लोगों की सहभागिता रही।

नगर में बाइकर्सो का आतंक, बिना नंबर के दौड़ रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज कोतमा। नगर की सड़कों पर सुबह शाम तेज गति से चलने वाले बाईकर्सो का आतंक देखते ही बनता है इनके द्वारा बिना नंबर के वाहन बेलगाम गति से भगाए जा रहे है । स्टंट बाजी करते हुए इन वाहनो की तेज रफ्तार देखकर लोगों की रूंह काप जाती हैं। उनके द्वारा अपने वाहनों पर मॉडिफाई साइलेंसर लगाए गए हैं जो कानफोडू आवाज देते हैं। परिवहन विभाग की प्रतिबंधता के बावजूद आढे तिरछे वाहन नंबर मॉडिफाई साइलेंसर बिना लाइसेंस के वाहन चलाना जैसे युवाओ के लिए सामान्य बात हो गई है। पुलिस के द्वारा कड़ाई से कार्यवाही न करने के कारण इनके मन से पुलिस का भय समाप्त हो चुका है। लोगों ने बताया की साप्ताहिक बाजार के दिन भीड़ रहती है और बाजार के अंदर यह वाईकर्स घुस जाते हैं और अपने कान फोडू साइलेंसर से लोगों का जीना हराम कर देते हैं । इस संबंध में नगर के प्रबुद्ध जनों द्वारा पुलिस थाना में पूर्व में शांति समिति की बैठक के दौरान कार्यवाही करने की आवाज उठाई गई थी। परंतु लंबा समय बीत जाने के बाबजूद कार्यवाही के नाम पर कुछ भी नहीं हुआ। नागरिकों ने नवागत थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ला से ऐसे वाहन चालकों पर शक्ति से चालानी कार्यवाही करते हुए वाहनों में लगाए गए कानफोडू साइलेंसर को निकलवा कर थाने में जमा करवाने की कार्यवाही की मांग की है।

सीईओ की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

ईदुज्जुहा का पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाने की, शांति समिति ने की जिलेवासियों से अपील

उमरिया। जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में संपन्न जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में कहा कि जिले मे सभी त्यौहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की परंपरा है । उन्होने कहा कि ईदुज्जुहा का पर्व 7 जून को मनाया जाना है। उन्होंने समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से कहा कि ईदुज्जुहा पर्व के पूर्व सडक़ो की मरम्मत किया जाए । इसके साथ ही ईदुज्जुहा पर ईदगाह स्थल की साफ सफाई, बिजली व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।ईदगाह वाले दिन बिजली की आपूर्ति निर्बाध रूप से बनी रही , इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होने कहा कि कुर्बानी के बाद अवशेष का खुले में निस्तारण नही किया जाए । साथ ही मीट मार्केट का भ्रमण करते हुए उन्हें भी अवशेषों का निस्तारण खुले में नही करने की समझाईश दी

जाए । आवागमन में किसी भी प्रकार व्यवधान उत्पन्न नही हो, इस पर ध्यान रखा जाए। ईदगाह स्थल पर अवारा पशु न आने पाए इसके लिए आवश्यक व्यवस्था की जाए । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया ने कहा कि ईदगाह स्थल पर पुलिस बल की तैनातगी की जाएगी, ताकि ईदुज्जुहा का पर्व आपसी भाईचारे एवं शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हो सके । बैठक में बताया गया कि ईदुज्जुहा पर्व के अवसर पर 7 जून को जिला मुख्यालय स्थित ईदगाह स्थल पर प्रातः 9 बजे नमाज अता की जाएगी । बैठक में जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों ने अपने अपने सुझाव दिए । बैठक में संयुक्त कलेक्टर रीता डहरिया,एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज,जिला होम गार्ड कमांडेंट सी एस उरवेती, नगर निरीक्षक उमरिया बालेन्द्र शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह, शांति समिति सदस्य धनुषधारी सिंह, राजेश शर्मा, त्रिभुवनप्रताप सिंह, रतन खंडेलवाल, पुष्पराज सिंह, मो आजाद, अफसर अली राही ,मो0 इदरीश खान, मो. असलम, शेख इजराइल , आर के जायसवाल, मेंहदी हसन उपस्थित रहे ।

आपदा प्रबंधन के संबंध में रैपिड रिस्पांस टीम गठित

उमरिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा एस बी चौधरी ने बताया कि आपदा प्रबंधन के संबंध में रैपिड रिस्पांस टीम गठित की गई है । जिसके नोडल अधिकारी डॉ मुकुल तिवारी नियुक्त किए गए हैं , जिनका मोबाइल नंबर 9179985306 है । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व्दारा जिला एवं विकासखंड आरआरटी टीम गठित करने,सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में अतिवर्षा एवं बाढ की स्थिति से निपटने हेतु आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही जिले मे बाढ जोखिम तथा महामारी संभावित क्षेत्रों का चिन्हांकन किया गया है जिसमें विकासखंड मानपुर में गढपुरी, सेजवाही ,गांगीताल कुशमहा ,कसेरू ,बमेरा, उमरिया बकेली ,पडखुडी, चितराव, झाल ,मडउ ,मझखेता ,मरईखुर्द शामिल है। विकासखंड करकेली में कल्दा, पडेरा ,टकटई, जंगेला ,धवईझर ,बेलसरा ,ढुल्हरी, ठूठाकुदरी ,जरहा शामिल है। विकासखंड पाली में तुम्मी छोट अमगार, बुढना ,बन्नौदा, गॉधीग्राम शामिल है। उन्होने कहा कि सभी बीएमओ ग्रामों का समय-समय पर स्वयं भ्रमण करें। साथ ही वर्षा ऋतु की शुरूआत होने पर आशा, एएनएम, सीएचओ, सेक्टर सुपरवाइजर तथा सेक्टर मेडिकल ऑफीसर के माध्यम से ग्रामों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करें। दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता हर स्तर पर सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति में सेक्टर स्तर की आरआरटी टीम को संबंधित स्थान पर भेजना सुनिश्चित करें। सभी कर्मचारियों को भारतीय मौसम विभाग द्वारा मौसम संबंधी पूर्व चेतावनी की जानकारी हेतु मौसम ऐप, दामिनी ऐप, मेघदूत ऐप तथा पब्लिक ऑब्जरवेशन ऐप इंस्टॉल करने, किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति निर्मित होने पर मरीजों को स्वास्थ्य उपचार उपलब्ध कराना एवं आवश्यकता होने पर उच्च स्वास्थ्य संस्था पर 108 के माध्यम से रेफर करनें के निर्देश दिए ।

ठेकेदारों के संवाद समारोह का हुआ आयोजन

शहडोल। भारत की अग्रणी सीमेंट कंपनी जेके सीमेंट ने हाल ही में निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदारों के लिए एक विशेष तकनीकी कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ठेकेदारों को कंपनी के नवीनतम उत्पादों और निर्माण तकनीकों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। कार्यशाला में जेके सीमेंट के तकनीकी शाखा प्रबंधक, आकाश सिंह तिवारी ने सभी उपस्थितों का स्वागत किया और कंपनी के प्रमुख उत्पादों, जेके सुपर, जेके स्ट्रांग जेके प्रोटेक्ट और जे के सीमेंट के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने इन उत्पादों की विशिष्ट विशेषताओं और गुणवत्ता के बारे में बताया कि कैसे ये उत्पाद निर्माण कार्य को अधिक मजबूत और टिकाऊ बना सकते हैं।श्री तिवारी ने कार्यशाला में जेके सीमेंट की एक विशेष पहल, शूरवीर स्कीम के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इस स्कीम के माध्यम से कंपनी ठेकेदारों को विभिन्न प्रकार की सुविधाएं और सहायता प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि कैसे यह स्कीम ठेकेदारों को बेहतर ढंग से काम करने में मदद करती है और उनके व्यवसाय को बढ़ाने में योगदान देती है। इसके अलावा, तिवारी जी ने आने वाले समय में कंपनी द्वारा आयोजित होने वाले अन्य कार्यक्रमों जैसे जेके शिखर और जेके मिलन के बारे में भी जानकारी दी। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य ठेकेदारों के बीच नेटवर्किंग को बढ़ावा देना और उद्योग से जुड़े नवीनतम रुझानों के बारे में जानकारी साझा करना है। कार्यशाला के दौरान श्री तिवारी ने सीमेंट के उचित उपयोग और रखरखाव के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे सीमेंट को सही तरीके से स्टोर और इस्तेमाल किया जाए ताकि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में सुधार हो सके। इस कार्यक्रम में जेके सीमेंट के अन्य अधिकारी जैसे अभिषेक तिवारी, रोहित सोनी, सोनू साहू, प्रशांत रैले, मनीष तिवारी एवं आकाश कुशवाहा उपस्थित रहे। साथ ही, स्थानीय ठेकेदारों ने भी बड़ी संख्या में इस कार्यशाला में भाग लिया। यह कार्यशाला ठेकेदारों के लिए एक उत्कृष्ट मंच साबित हुई, जहां उन्होंने कंपनी के नवीनतम उत्पादों और तकनीकों के बारे में सीखा और एक-दूसरे के साथ अपने अनुभव साझा किए। इस कार्यशाला के माध्यम से जेके सीमेंट ने एक बार फिर से निर्माण उद्योग में अपने नेतृत्व का प्रदर्शन किया है।

विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रयासम फाउंडेशन व्दारा रोपित किए गए पौधे

उमरिया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रयासम फाउंडेशन चंदिया व्दारा प्रयासम पार्क में पौधारोपण किया गया तथा उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया । इस अवसर पर संदेश दिया गया कि धरती का श्रृंगार पेड़ है । इसलिए आवश्यक है कि अधिक से अधिक संख्या में पौध रोपित किए जाए । पेडो से हमें जहां एक ओर आक्सीजन मिलती है वहीं दूसरी तरफ फल, फूल मिलता है । इस अवसर पर प्रयासम फाउंडेशन के अध्यक्ष राकेश शर्मा, भरत अग्रवाल, रामनारायण पयासी, दिनेश पांडेय, रफीक भाई, राकेश सोनी, लखन, सुनील तिवारी, चंदन अग्रवाल, एहसान खान सहित अन्य जन उपस्थित रहे ।

युवा टीम ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

उमरिया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट व एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा मुक्तिधाम पाली परिसर में 30 पौधा लगाकर पौधारोपण किया गया एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली गई व पांच हजार पौधारोपण करने का संकल्प लिया गया।पर्यावरण प्रेमियों ने पौधे लगाकर लोगों से प्रकृति को बचाने का आह्वान किया। लोगों से सुरक्षित जीवन और पर्यावरण संतुलन के लिए पौधे लगाने और उनकी देखरेख करने की अपील की गई। हिमांशु तिवारी ने कहा कि पूरा विश्व पर्यावरण बदलाव के दौर से गुजर रहा है और हमें आने वाले भविष्य की चिंता करते हुए हर वर्ष पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पौधा जरूर लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए। वायु प्रदूषण को रोकने के लिए पेड़ लगाने और जनमानस को सजग होने की बात कही।पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें प्रकृति के नजदीक रहना होगा ताकि हमारा पेड़-पौधों के साथ में लगाव बने। उन्होंने कहा कि हमें स्वयं के साथ-साथ अपने बच्चों को भी मिट्टी व पेड़-पौधों के साथ जोडऩा जरूरी है। पौधरोपण के दौरान पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी,खुशी सेन, नेहा सिंह,राधिका, कृष्णा देवी बैगा, सुभद्रा बैगा, श्रेयांश गौतम, आरुष शिवहरे,शंकर बैगा, निरंजन कुशवाहा ,अमन बर्मन व आदि ने भाग लेकर पर्यावरण संतुलन की दिशा में काम करने की शपथ ली ।

न्यू जोन थर्मल प्रोजेक्ट को ग्रामीणों की सहमति

मुआवजा और रोजगार से मिली हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले में अब विकास केवल सरकारी शब्द नहीं, बल्कि जमीनी हकीकत बनता जा रहा है। न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड थर्मल पॉवर प्लांट के वरिष्ठ अधिकारियों और ग्रामसभा की भागीदारी ने जनसमर्थन की मजबूत बुनियाद रखी। इस दौरान कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी सुधाकर पाण्डेय, वरिष्ठ अधिकारी, सुशील कांत मिश्रा, परियोजना समन्वयक सहित पूर्व सरपंच प्रीतम राठौर, आदित्य राठौर, नरेंद्र राठौर, अशोक मिश्रा, अमोल सिंह, अर्जुन पटेल, वर्तमान सरपंच व रक्षा कॉलोनी ग्रामवासी उपस्थित रहे।

चार जून को आयोजित ग्रामीण बैठक ने यह स्पष्ट कर दिया कि यह परियोजना "विकास बनाम विस्थापन" की नहीं, बल्कि "विकास साथ विस्थापितों" की मिसाल बनेगी। चार जून को आयोजित सामूहिक बैठक में न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड थर्मल पॉवर प्लांट के वरिष्ठ अधिकारियों और ग्रामसभा की भागीदारी ने जनसमर्थन की मजबूत बुनियाद रखी। इस दौरान कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी सुधाकर पाण्डेय, वरिष्ठ अधिकारी, सुशील कांत मिश्रा, परियोजना समन्वयक सहित पूर्व सरपंच प्रीतम राठौर,

विकास के पर्व का उद्घोष

ग्राम रक्सा और कोलमी की बैठकों में ग्रामीणों ने एक स्वर में परियोजना को सुनियोजित, संवेदनशील और समावेशी करार दिया। पारदर्शी प्रक्रिया, प्रशासनिक भागीदारी और कंपनी की सकारात्मक पहल ने ग्रामीणों में पूर्ण विश्वास उत्पन्न किया। ग्रामीणों का कथन "हमें खुशी है कि न्यू जोन थर्मल पावर प्रोजेक्ट जैसे उद्योग को हमारी भूमि पर स्थापित किया जा रहा है। हम चाहते हैं कि विस्थापन राशि शीघ्र खाते में आए और निर्माण कार्य जल्द शुरू हो। हमारा पूरा सहयोग रहेगा।" कंपनी अधिकारियों ने भी आश्वस्त किया कि पुनर्वास राशि प्रक्रिया में है और जल्द हस्तांतरण कर निर्माण कार्य आरंभ किया जाएगा। अनूपपुर में औद्योगिक भविष्य अब ग्रामीणों की साझेदारी से सुरक्षित और सशक्त हो रहा है। न्यू जोन थर्मल पावर प्रोजेक्ट एक 'मॉडल प्रोजेक्ट' बनकर देशभर के लिए मिसाल पेश कर रहा है।

विश्व पर्यावरण दिवस पर एसोसिएटेड कॉमर्स ने चलाया वृक्षारोपण अभियान, लगाए 500 पौधे

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एसोसिएटेड कॉमर्स ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ी और प्रेरणादायक पहल करते हुए कुल 500 पौधों का वृक्षारोपण किया। यह कार्यक्रम खनन क्षेत्र से प्रभावित इलाकों में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरणीय असंतुलन को कम करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। संस्था के सदस्यों और कर्मचारियों ने एकजुट होकर मानपुर खदान कार्यालय परिसर के आसपास, चाचाई खदान, चांगेरी खदान, पसान खदान, पसला स्टॉक और बलबहरा खदान के नजदीकी क्षेत्रों में इन पौधों को रोपा। इस अभियान में फलदार, छायादार और पर्यावरण की दृष्टि से उपयोगी पौधों को प्राथमिकता दी गई। कार्यक्रम के दौरान एसोसिएटेड कॉमर्स के पदाधिकारियों ने कहा कि यह अभियान केवल एक दिन के लिए नहीं है, बल्कि यह संस्था की निरंतर चलने वाली पहल का हिस्सा है, जो पर्यावरण की रक्षा और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी को दर्शाता है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जुलाई माह में संस्था द्वारा एक और वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत 4000 से 5000 पौधे नदी किनारों, सड़क के दोनों ओर, स्टॉक क्षेत्रों तथा ग्राम पंचायतों में रोपे जाएंगे। यह संकल्प संस्था के उस विचार को स्पष्ट करता है, जिसमें केवल वृक्ष लगाने को नहीं, बल्कि उन्हें संरक्षित करने को भी समान रूप से आवश्यक माना गया है। स्थानीय लोगों और पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला गया और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आज जब जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण जैसे संकट मानव जीवन को प्रभावित कर रहे हैं, तब वृक्षारोपण ही ऐसा स्थायी समाधान है जो धरती को फिर से संतुलन की ओर ले जा सकता है। वृक्ष केवल ऑक्सीजन का स्रोत नहीं, बल्कि जीव-जंतुओं का आश्रय, जल स्रोतों का रक्षक और वातावरण का शुद्धिकर्ता होते हैं। कार्यक्रम के समापन पर एसोसिएटेड कॉमर्स की ओर से यह आश्वासन दिया गया कि लगाए गए पौधों की नियमित देखरेख की जाएगी और समय-समय पर उनका अवलोकन किया जाएगा। संस्था का यह प्रयास न केवल पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि क्षेत्र में एक सकारात्मक उदाहरण भी स्थापित करता है। स्थानीय प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे एक प्रेरणादायक कदम बताया और भविष्य में इस अभियान को और भी बड़ा स्वरूप देने की इच्छा जताई। पर्यावरण दिवस पर किया गया यह कार्य आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित उपहार के रूप में देखा जा रहा है। एसोसिएटेड कॉमर्स की यह कोशिश न केवल खनन क्षेत्रों की छवि को सुधारने में सहायक होगी, बल्कि यह ग्रामीण विकास और हरियाली के नए अध्याय की शुरुआत भी मानी जा रही है।

गांजा तस्करी का आरोपी पहुंचा जेल

हरिभूमि न्यूज कोतमा। थाना अंतर्गत पुलिस ने अंतिम छोर पर स्थित खोडरी गांव में दबिश देकर 45 किलो 400 ग्राम गांजा कीमती 4 लाख 54 हजार रुपए के मामले में गिरफ्तार आरोपी रामपाल पांडे पिता रामसिया को अनूपपुर विशेष न्यायालय में पेश किया गया जहां से न्यायिक आदेश पर रिमांड में जेल भेजा गया। पुलिस के द्वारा बड़ी जप्ती के मामले में गांजा की सप्लाई करने वाले आरोपी भोला पांडे को लेकर भी लगातार सक्रियता से गिरफ्तारी एवं विवेचना में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि पुलिस के द्वारा हाल के दिनों में ही अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी के दो मामले दर्ज करते हुए एक महिला आरोपी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। वहीं मामले से जुड़े फरार तस्कर आरोपियों की तलाश भी सरगर्मी से की जा रही है। लगातार हो रही कार्यवाही को लेकर नशे के कारोबार में लिप्त लोगों में खलबली मची हुई है।

यहां भी कार्यवाही की जरूरत

नगर में जगह-जगह आसानी से गांजा की पुड़िया उपलब्ध हो जाने के कारण युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में तेजी से जा रहा है जिसको लेकर नागरिकों में चिंता बनी हुई है नागरिकों ने नवागत थाना प्रभारी से नगर के दफाई टोला एल आई सी ऑफिस के पीछे खुलेआम नशे की सामग्री बेची जा रही है जिस पर कार्यवाही करते हुए रोक लगाये जाने की मांग की है।

स्वामी हरिहरानंद सरस्वती ने उप्र के मुख्यमंत्री को दी जन्मदिन की बधाई

मृत्युंजय आश्रम अमरकंटक में हुई विशेष पूजा

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। स्वामी एकरसानंद आश्रम एवं अमरकंटक मृत्युंजय आश्रम के विख्यात संत महामण्डलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती जी महाराज ने उत्तरप्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके 53 वें जन्मदिन की शुभकामनाएँ प्रदान की हैं। लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री निवास पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए स्वामी एकरसानंद आश्रम, मृत्युंजय आश्रम अमरकंटक के परमपूज्य संत महामण्डलेश्वर गुरुदेव स्वामी श्री हरिहरानंद सरस्वती जी महाराज ने उनके माथे पर तिलक लगा कर पुष्पगुच्छ, साल, श्रीफल एवं प्रसाद स्वरूप प्रतीक चिन्ह प्रदान करके श्री योगी को जन्मदिन की शुभकामनाएँ प्रदान करते हुए स्वामी हरिहरानंद जी ने कहा कि जिनके लिए देश व राष्ट्र का हित ही सर्वोपरि है, ऐसे योगी आदित्यनाथ को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रदान करते हुए प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि वे आपको यशस्वी, उत्तम स्वास्थ्य युक्त और दीर्घायु जीवन प्रदान करें वहीं दूसरी ओर इस अवसर पर मृत्युंजय आश्रम अमरकंटक में समाजसेवी योगेश दुबे के साथ अन्य लोगों ने विशेष पूजा अर्चना करके प्रसाद वितरण किया।

कोल इंडिया अपने कर्मियों को करायेगी प्रोफेशनल कोर्स

कोल इंडिया मानकीकरण समिति की बैठक में योजना पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज़ राजनगर। कोल इंडिया अपने कर्मचारियों के कौशल, ज्ञान और समग्र दक्षता में वृद्धि के लिए एक बड़ी पहल करने जा रही है। कोयला उत्पादक कंपनी के कर्मचारियों को माइनिंग सरदार, विद्युत पर्यवेक्षक, सर्वेयर, फार्मासिस्ट और स्टाफ नर्स जैसे महत्वपूर्ण कोर्सेज करा कर खाली पड़े। पदों को भरने की योजना पर काम कर रही है। खास बात यह है, कि डिग्री-डिप्लोमा की पढ़ाई का पूरा खर्च कंपनी खुद वहन करेगी। साथ ही, पढ़ाई के दौरान कर्मचारियों को उनका पूरा वेतन भी मिलेगा। मंगलवार को उत्तराखंड के ऋषिकेश में हुई कोल इंडिया मानकीकरण समिति की बैठक में इस योजना पर सहमति बनी। जानकारी के मुताबिक, जल्द ही इस योजना को लागू किया जायेगा। कोल इंडिया डिस्टेंस एजुकेशन और रेगुलर कॉलेजों से पढ़ाई की सुविधा प्रदान करेगी, जिससे कर्मचारी अपनी सुविधानुसार शिक्षा प्राप्त कर सकें।

जीएम एचआरडी करेंगे विभागीय जरूरतों का मूल्यांकन

कंपनी की योजना के मुताबिक, मानव संसाधन विकास विभाग (एचआरडी) के जीएम एचआरडी आगामी पांच वर्षों के लिए विभागीय जरूरतों का मूल्यांकन करेंगे। सीएमडी की अनुमति के बाद चयन प्रक्रिया शुरू होगी। इसके तहत एप्टीट्यूड टेस्ट होगा। फिर चयनित कर्मचारियों को प्रवेश परीक्षा की तैयारी करायी जायेगी। परीक्षा पास करने वाले कर्मचारियों को कॉलेज में दाखिला दिलाया जायेगा। अध्ययन पूरा होने के बाद उन्हें संबंधित पद पर तैनात किया जायेगा।

कामगारों को पहली बार ऐसा अवसर

ट्यूशन फीसऔर हॉस्टल खर्च भी कंपनी वहन करेगी। लेकिन यूजी भत्ता (अंडरग्राउंड एलाउंस) नहीं मिलेगा। बता दें, कि कोल इंडिया की यह पहल कामगारों के लिए एक बड़ा अवसर है। इससे न केवल कामगारों के कौशल में वृद्धि होगी, बल्कि कंपनी की उत्पादकता और दक्षता में भी सुधार होगा। इस योजना के तहत कामगारों को अपने कैरियर में आगे बढ़ने के अवसर मिलेगा। शहडोल संभाग में सोहागपुर क्षेत्र, जोहिला क्षेत्र, जमुना - कोतमा क्षेत्र, हसदेव क्षेत्र आते हैं। जहां पर कोल कर्मी कार्यरत है। जिनको इस योजना का लाभ मिलेगा। कोल इंडिया की खबरों के लिए पढ़ते रहे। दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि।

खबर संक्षेप

आशीष तिवारी बने असिस्टेंट प्रोफेसर

ब्यौहारी। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग में प्रोफेसर की परीक्षा का परिणाम आ गया है जिसमें आशीष तिवारी पिता स्वर्गीय रजनीश तिवारी रीवा जिले के रहने वाले उन्होंने प्रयागराज विश्वविद्यालय से अपनी पढ़ाई पूरी की है अपने प्रथम प्रयास में ही हिंदी विषय में मध्य प्रदेश में 21 वीं रैंक प्राप्त की है उनके भाई संदीप कुमार तिवारी ब्यौहारी- में पटवारी के पद पर कार्यरत हैं उनके असिस्टेंट प्रोफेसर में चयनित होने पर उनके इष्ट मित्रों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है बधाई प्रेषित करने वालों में प्रमुख रूप से दुर्गेश तिवारी, कौशलेंद्र सिंह, रामबहोर तिवारी, शिवाकांत तिवारी शंकर तिवारी, पद्मपाणि द्विवेदी, अंकुर तिवारी चिपाड सहित कई लोगों ने बधाई दी प्रेषित की है

अमलाई में एकादशमुखी श्री हनुमान जी की अष्टधातु मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन

अमलाई । नगर परिषद बरगवां क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 05, डोंगरिया टोला स्थित सिद्ध बाबा पहाड़ी परिसर में एक दिव्य आध्यात्मिक आयोजन के अंतर्गत भगवान शिव के ग्यारहवें अवतार रूप माने जाने वाले एकादशमुखी श्री हनुमान जी की अष्टधातु मूर्ति की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मारुति नंदन सेवा समिति एवं सनातन धर्म सत्संग समाज अमलाई के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत 3 जून को शुभ शुक्रवार से हो चुकी है, जिसमें विविध पूजन, अखंड रामायण पाठ, कलश यात्रा एवं अन्य धार्मिक क्रियाएं संपन्न हो रही हैं। मुख्य प्राण प्रतिष्ठा एवं हवन कार्यक्रम 5 जून को संपन्न किया गया, जबकि 6 जून को विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। समिति ने सभी श्रद्धालुजनों से इस पुण्य अवसर पर उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

पड़रिया खुर्द में डेढ़ महीने से खराब पड़ा ट्रांसफार्मर

ढीमरखेड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था पटरी पर नहीं आ रही है। बिजली गुल होने से ग्रामीणों को परेशान होना पड़ता है। उमरियापान के समीपी ग्राम पड़रिया खुर्द में लगा 100 केवी का ट्रांसफार्मर कभी भी कभार हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की बिजली कब गुल हो जाए इसका कोई ठिकाना नहीं है। गांव में लगा बिजली ट्रांसफार्मर बीते डेढ़ महीने से खराब पड़ा है। कभी बिजली गुल तो कभी चालू हो जाती है। रात के समय तो ग्रामीणों की परेशानी ज्यादा बढ़ जाती है। शाम के समय से ट्रांसफार्मर अक्सर खराब हो जाता है। ट्रांसफार्मर में आग जलने लगती है। तार भी जल जाती है। बिजली गुल होने की जानकारी देने के बाद कोई भी जिम्मेदार गांव नहीं पहुँचता हैं। ग्रामीणों को खुद बिजली जोड़नी पड़ती है। ग्रामीणों ने अनेकों दफा ट्रांसफार्मर खराब होने की शिकायत बिजली विभाग के अधिकारियों से किया, लेकिन जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया।

शराब की अवैध बिक्री करने वाले को दबोचा

उमरियापान। उमरियापान पुलिस ने पिपरिया सहलावन में अवैध शराब की बिक्री कर रहे एक आरोपी के पास से शराब जब्त करते हुए कार्रवाई किया है। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि पिपरिया सहलावन में रमेश नामदेव (58) शराब की बिक्री करने ग्राहक का इंतजार कर रहा था।सूचना पर पहुची पुलिस ने खाकी कार्टून से 43 पाव देशी शराब जब्त किया है। जब्त की गई शराब की कीमत करीब 5 हजार रुपये हैं।

राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बनी नाली में गंदगी का अंबार, नगर परिषद ने साधी चुप्पी

अमलाई।

नगर परिषद बकहो के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बने नाली में गंदगी का अंबार जमा है। स्थानीय नागरिकों की शिकायतों के बावजूद नगर परिषद की ओर से अब तक कोई सफाई कार्य नहीं किया गया है, जिससे लोगों में भारी आक्रोश है।

फोटो में स्पष्ट देखा जा सकता है कि नाले में प्लास्टिक कचरा, कीचड़ और मलबा जमा है, जिससे गंदा पानी निकलकर लोगो के घरों के सामने से नेशनल हाइवे पर बह रहा है। इससे न सिर्फ गंदगी फैली हुई है, बल्कि यह क्षेत्र मच्छरों और बीमारियों का केंद्र बनता जा रहा है।

बता दे कि यह नगर परिषद से महज सौ मीटर की दूरी पर हनुमान मंदिर के समीप देखा जा सकता है जहां नाली में भरा मलबा और गंदा पानी हाइवे पर बह रहा है स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस मुद्दे की शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर भी की जा चुकी है, लेकिन शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे नगर प्रशासन की उदासीनता और गैर-जिम्मेदार रवैये का साफ पता चलता है। साथ ही नगर परिषद के स्वच्छता प्रभारी और वार्ड प्रभारियों की गैर जिम्मेदाराना रवैया का पता चलता है। यदि नेशनल हाइवे पर ही ये स्थिति है तो नगर परिषद बकहो के अन्य वार्डों का क्या हाल होगा।

गौरतलब है कि यह नाली राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित है और गंदगी के कारण वहां से गुजरने वाले राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय जनता ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस गंदगी की सफाई कराई जाए और नगर परिषद बकहो को स्वच्छता के प्रति लापरवाही के लिए उत्तरदायी ठहराया जाए।



नदी को खुदवाकर आठ दस बंधी बनाकर अपने खेत में मिला लिया

ब्यौहारी ग्राम पंचायत खड़हुली पटवारी हल्का नोडिया तहसील ब्यौहारी शहडोल मप्र स्थित ब्यौहारी से दो किलो मीटर दूरी पोतहड़ी नदी को रामावतार कुशवाहा पिता तुलसीदास कुशवाहा खड़हुली द्वारा जेसीबी मशीन से नदी को खोदबा कर आठ दस बंधी बनाकर अपने खेत में मिला लिया तथा सो वर्ष पुराने नदी की धार और दिशा को बदल दिया तथा चार पांच फिट चौड़ाई एक मीटर गहराई और तीन चार सो फुट लम्बाई में एक सकरा नाला नदी के पश्चिम दिशा में पप्पू राठौर के खेत/मेड के किनारे खोदबा दिया नदी का पानी बन्द कर दिया मौके से पटवारी साहब काम बन्द करवाएं किंतु दो तीन दिन लगातार काम रात दिन लगाए रहा बरसात के समय पानी के तेज बहाव के कारण से पप्पू राठौर का खेत मेड पूरा वह जायेगा जिससे लाखों रुपए की नुकसानी होने की संभावना है श्री मान कमिश्नर शहडोल व कलेक्टर महोदय सहित एसडीओ तहसीलदार ब्यौहारी को लिखित सूचना दी गई है किन्तु कोई कारवाही नहीं की जा रही है यदि तत्काल नदी को नहीं सुधरवाया गया तो पानी गिर जाने पर काफी परेशानी होगी।

मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए हटाई गई टपरे की दुकान

ब्यौहारी।

ब्यौहारी में 9 जून को मुख्यमंत्री का आगमन है इसको लेकर शासन द्वारा युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही है लेकिन तैयारी के मद्देनजर टपरे वालों को सड़क के किनारे गोमती रख करके अपनी रोजी-रोटी चलाने वाले दुकानदारों को हटाया जा रहा है इसी क्रम में पहले अस्पताल के पास सभी को हटाया गया उसके बाद चुंगी नाका में गोमती वालों को हटाया जा रहा है जबकि यह सड़क के किनारे थे इनसे किसी तरह का यातायात प्रभावित नहीं हो रहा था यदि पूरा अतिक्रमण हटाना है तो अच्छी बात है क्योंकि एक बार हटाने के बाद दोबारा उनको बनाने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ेगा मुख्यमंत्री के आगमन पर जहां एक तरफ लोगों में खुशी है वहीं दूसरी ओर टपरे वाले और गोमती वालों की परेशानी प्रशासन द्वारा बढ़ा दी गई उद्देश्य यह है कि मुख्यमंत्री को गोमती और टपरे की दुकान ना दिखे प्रदेश को मुखिया को यह पता ना चल सके की यहां गोमती और टपरे की दुकान भी है ।

विश्व पर्यावरण दिवस पर अमलाई में पौधारोपण अभियान, थीम रही 'प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें'

अमलाई।

5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ओपीएम के कास्टिक सोडा यूनिट अमलाई में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम थी ₹Ending Plastic Pollution Globally₹, जिसका उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और हरित वातावरण को बढ़ावा देना रहा।

इस मौके पर आयोजकों ने ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ के संदेश के साथ स्थानीय लोगों को वृक्षारोपण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में इस कार्यक्रम में ओपीएम पर्यावरण अधिकारी डॉ. वीरेंद्र द्विवेदी, रघवेंद्र मिश्रा, और मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड क्षेत्रीय अधिकारी बालेंद्र राठौर एवं सुभाष निगम शहडोल, सोडा यूनिट के जीएम अविनाश वर्मा, एचआर अरविंद शुक्ला, राम गोपाल उर्मलिया, पी.के. पांडव, ए.के. सिंह , विकास झा, अभिषेक जैन, आनंद पटेल, संतोष सिन्हा और राहुल जैन सहित काफी लोगों ने धोबी तालाब के पास पीपल, बरगद, आम जैसे फलदार पौधों को लगाकर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।

इस अभियान को ओरिएंट पेपर, 'मेरी लाइफ', और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम जैसे संगठनों का समर्थन प्राप्त था। आयोजकों ने संदेश दिया कि पेड़ लगाकर न केवल हम पर्यावरण को स्वच्छ बना सकते हैं बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए जीवनदायिनी ऑक्सीजन भी सुरक्षित कर सकते हैं।

इसके साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कॉलोनी परिसर में स्थित तालाबों का गहरीकरण और जल स्रोतों की सफाई और वर्षा जल संचयन का कार्य किया जा रहा है।यह कार्यक्रम बीते 1 जून से चल रहा है। इस पहल का उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना और स्थानीय जल स्रोतों को पुनर्जीवित करना है।

बकहो नगर परिषद में कर्मचारियों की फौज, लेकिन काम का अता-पता नहीं! करोड़ों का वेतन भुगतान बना सवाल

अमलाई।

मध्य प्रदेश की नगर परिषद बकहो में कर्मचारियों की भरमार है, लेकिन काम करने वाले मैदान में नजर नहीं आते। कुल 170 कर्मचारी नियुक्त, जिनके वेतन पर हर वर्ष लगभग 3 करोड़ 36 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। बावजूद इसके नगर की हालत और सुविधाएं बताती हैं कि काम हो कहाँ रहा है?

कर्मचारी आंकड़े चौंकाने वाले, काम कहीं नजर नहीं आताः

संविलियन कर्मचारी – 55, प्रति व्यक्ति वेतन 25,000–30,000

सालाना वेतनः 1.68 करोड़

सफाई कर्मचारी – 30, प्रति व्यक्ति 10,000–15,000

सालाना वेतनः 48 लाख

कलेक्टर दर वाले कर्मचारी – 40, प्रति व्यक्ति 10,000–15,000

सालाना वेतनः 72 लाख

डेली वेज कर्मचारी – 40 (अनिश्चित), प्रति व्यक्ति 10,000–12,000

सालाना वेतनः 48 लाख

कुल अनुमानित मासिक वेतनः 30 लाख

वार्षिक खर्चः 3.36 करोड़ रुपये

इन सबके अलावा अन्य भत्ते अलग।

जमीनी सच्चाई – दिखते नहीं कर्मचारी, ठप हैं सेवाएं, कचरा गाड़ियाँ हैं, लेकिन ड्राइवर नहीं।

फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौजूद, लेकिन इलेक्ट्रीशियन को चलाना पड़ता है। परिषद कार्यालय में 40–50 कर्मचारी किसी भी समय बैठे पाए जाते हैं। कुछ कर्मचारियों के बारे में बताया जाता है कि वे घर से निकले बिना वेतन पा रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, कई घर और दुकानें बिना किसी परमिशन या आदेश के निर्माणाधीन हैं, लेकिन निर्माण प्रभारी गहरी नींद में हैं। जब वार्डवासी अपनी समस्याएं बताते हैं तो वार्ड प्रभारी जिम्मेदारी से बचते हुए पार्षदों पर टाल देते हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि आखिर इतने कर्मचारियों की नियुक्तियाँ क्यों?

स्थानीय निवासियों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जब वास्तव में काम करने वाले चंद लोग हैं, तो फिर 170 कर्मचारियों की जरूरत ही क्या है? क्या यह सब नेताओं, अफसरों और पार्षदों की मिलीभगत से चल रहा ₹वेतन घोटाला₹ है? क्षेत्रीयजनो का कहना हैं कि "हम अपने टैक्स और सरकारी फंड से ऐसे कर्मचारियों का पेट पाल रहे हैं, जो काम पर आते तक नहीं। क्या कहती है प्रशासनिक जवाबदेही? की कर्मचारियों की उपस्थिति और कार्य रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। फिजिकल वेरिफिकेशन के आधार पर फर्जी या गैर-ज़रूरी पदों को समाप्त किया जाए। शासन को चाहिए कि नगर परिषद बकहो में ऑडिट करवाए और जिम्मेदारों पर कार्रवाई सुनिश्चित करे।

बिरसिंहपुर पालीः विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

महिला थाना प्रभारी अरुणा द्विवेदी और युवा समाजसेवी राहुल सिंह रहे उपस्थित

बिरसिंहपुर पाली उमरिया विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी अरुणा द्विवेदी एवं युवा सामाजिक कार्यकर्ता राहुल सिंह ने संयुक्त रूप से पौधारोपण किया।इस अवसर पर महिला थाना प्रभारी अरुणा द्विवेदी ने कहा, "विश्व पर्यावरण दिवस न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता का प्रतीक है, बल्कि यह हमें यह सोचने पर भी विवश करता है कि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को किस प्रकार की धरती सौंपेंगे। प्रकृति का संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।"कार्यक्रम में उपस्थित युवा समाजसेवी राहुल सिंह ने बताया, "पर्यावरण हमारे चारों ओर का वह परिवेश है जिसमें हम जीवन जीते हैं। इसमें मिट्टी, जल, वायु, वनस्पति और जीव-जंतु सब शामिल हैं। इन्हें संरक्षित रखना प्रत्येक नागरिक का

दायित्व है।"कोतवाली पुलिस के आरक्षक मनीष सिंह ने भी अपनी सहभागिता निभाते हुए कहा कि "पृथ्वी पहले, बाकी सब बाद में" जैसे नारों को केवल कहना नहीं, बल्कि व्यवहार में लाना होगा। उन्होंने स्थानीय स्तर पर कार्य कर वैश्विक सोच रखने की आवश्यकता पर बल दिया।पौधारोपण कार्यक्रम में सहायक उप निरीक्षक बालमुकुंद सिंह, आरक्षक नीरज दुबे एवं अन्य पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे। सभी ने सामूहिक रूप से पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली और नागरिकों से अधिकाधिक वृक्षारोपण की अपील की।

झंडा बाजार, गोलबाजार, सिल्वर टॉकीज रोड सहित अन्य मार्गों में हाल बेहाल

सड़क पर फैला रहे दुकानों की सामग्री जाम के कारण पैदल आवागमन कठिन

शहर में सुगम यातायात के लिए जो प्रयास किये जा रहे हैं वह नाकाफी साबित हो रहे हैं। फुटपाथ पर ठेला लगाकर व्यवसाय करने वालों पर कार्यवाही की जा रही है लेकिन स्थायी दुकानदारों द्वारा अपनी सामग्री सड़क पर फैलाने वालों के विरूद्ध कोई सख्त कार्यवाही नहीं हो रही है। नगर के मुख्य मार्गों के अलावा बाजार क्षेत्र में इस कदर अस्थायी अतिक्रमण फैला है कि वाहन चालकों के साथ पैदल निकलना में भी परेशानी होती है। मुख्य मार्गों में अस्थायी अतिक्रमण के साथ पार्किंग भी समस्या बनी हुई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर के अति व्यस्ततम बाजार क्षेत्र में दुकानों की सामग्री सड़क में फैला देने से न सिर्फ आवागमन बाधित होता है बल्कि पैदल चलना भी दूभर हो जाता है। नगर के झंडा बाजार, गोल बाजार, सिल्वर टॉकीज मार्ग, सब्जी मंडी पहुंच मार्ग ये ऐसे क्षेत्र हैं जहां दिन भर भारी दवाब बना रहता है। ये ऐसे क्षेत्र हैं जहां सबसे ज्यादा खरीदारी के लिए लोग

पहुंचते हैं। लेकिन इन मार्गों में बेतरतीब पार्किंग, अस्थायी अतिक्रमण मुख्य वजह बना हुआ है जिससे लोग परेशान होते हैं।

मुख्य मार्गों तक में मुसीबत

दिलबहार चौक से मिशन चौक तक मुख्य मार्ग यातायात के भारी दवाब के बावजूद अतिक्रमण के चपेट में है। कमानिया गेट गली, सुभाष चौक, सिल्वर टाकीज तिराहा, गर्ग चौराहा, सब्जी मंडी, मोहन टाकीज गली, कारगिल चौराहा, सराफा बाजार रोड, तहसील के सामने, बस स्टैंड, गोलबाजार, झंडा बाजार गली में अस्थायी अतिक्रमण पसरा हुआ है।

किसानों को नई तकनीक योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

भारत सरकार के विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत ग्राम पंचायत उमरियापान,पचपेढ़ी और बम्हनी में शिविर का आयोजन किया गया। शिविरों में कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों ने किसानों को जैविक खेती ,उन्नत कृषि के अलावा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक डा. आर के मिश्रा, डा. अर्चना , कृषि विस्तार अधिकारी आरएस श्याम, एव्हीएफओ विपिन पटेल, उधानिकी अधिकारी आरएम प्रजापति द्वारा किसानों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं, कृषि की उन्नत एवं नवीन तकनीकों तथा नवाचारों की जानकारी दी गई।किसानों को कम लागत में अधिक उपज लेने की तकनीकें बताई।पशु चिकित्सक ने पशुपालन से जुड़ी जानकारी दी।उन्होंने पशु बीमारियों की पहचान, इलाज और दूध उत्पादन बढ़ाने के तरीके बताए।शिविर में उपस्थित किसानों ने वैज्ञानिकों से खेती की समस्याओं पर सवाल पूछे।इस मौके पर सरपंच अटल ब्यौहार,शिवचरण पटेल, अनीता कोरी,राजा चौरसिया,राजेश ब्यौहार,शैलेंद्र पौराणिक, ज्ञानचंद चौरसिया,सुशील कोरी, एईओ स्नेहलता कोरचे, आशीष नामदेव सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

खबर संक्षेप

कल्याण सेवा आश्रम में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा शुरू

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक। प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक के कल्याण सेवा आश्रम का आतिथेयम के विशाल हाल में गिरिराज चैरिटेबल ट्रस्ट गाजियाबाद के भक्त श्रद्धालुओं के द्वारा 4 से 10 जून तक सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा का विशाल एवं भव्य आध्यात्मिक एवं धार्मिक आयोजन शुरू हो गया इसके तहत कल्याण सेवा आश्रम से पतित पावनी मां नर्मदा नदी के रामघाट तक कलश यात्रा शोभायात्रा निकाली गई। रामघाट तट में विधिवत परंपरागत ढंग से भागवत पुराण एवं कलश की पूजन अर्चन आचार्य पुरोहितों द्वारा किया गया। इस अवसर पर भक्त श्रद्धालु गण कलश यात्रा शोभा यात्रा में ढोल धमाका के साथ नाचते गाते भजन कीर्तन के साथ मुख्य मार्ग से निकले। उल्लेखनीय है कि श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा का आयोजन गिरिराज चैरिटेबल ट्रस्ट गाजियाबाद एवं यजमान प्रदीप कुमार दलाणिया सपत्नीक गाजियाबाद अपने इष्ट मित्रों परिजनो शुभेक्ष जनों के साथ सैकड़ो की संख्या में शामिल होने हेतु पवित्र नगरी अमरकंटक आए हुए हैं श्रीमद् भागवत महापुराण के सात दिनी कथा में उत्तर प्रदेश दिल्ली मध्य प्रदेश एवं हरियाणा से सैकड़ो की संख्या में भक्त श्रद्धालुगण शामिल होने हेतु इन दिनों अमरकंटक आए हुए हैं।

अनूपपुर जिला ई-ऑफिस प्रणाली में प्रदेश में द्वितीय स्थान पर

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अनूपपुर जिले ने ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। यह उल्लेखनीय सफलता कलेक्टर हर्षल पंचोली के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संभव हो सकी है। ई-ऑफिस प्रणाली के तहत शासकीय कार्यों में पारदर्शिता, गति और दक्षता आई है। अनूपपुर जिले में इस प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू करते हुए फाइलों के इलेक्ट्रॉनिक संधारण, ट्रैकिंग और शीघ्र निपटारे को सुनिश्चित किया गया है। इससे न केवल कागजों की खपत में कमी आई है, बल्कि समय की भी बचत हुई है। कलेक्टर श्री पंचोली द्वारा निरंतर समीक्षा और अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने की व्यवस्था की गई, जिससे जिले में ई-ऑफिस प्रणाली का सुचारू संचालन सुनिश्चित हुआ। इस उपलब्धि से जिले की प्रशासनिक कार्यप्रणाली में तकनीकी नवाचार की एक नई मिसाल कायम हुई है। प्रदेश स्तर पर अनूपपुर जिले को मिला यह द्वितीय स्थान जिले के सभी शासकीय कार्यालयों की टीम भावना और परिश्रम का प्रतिफल है।

जैतहरी सबस्टेशन से निकलने वाले 11 केव्ही फीडर में आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर के अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) ने बताया है कि उपसंभाग अनूपपुर अंतर्गत 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र जैतहरी, वेंकटनगर, खूंटाटोला एवं चोरभठी से निकलने वाली 11 के.व्ही. फीडरों के विद्युत लाईनों का प्री-मानसून रखरखाव करने हेतु मेन्टेनेंस कार्य किया जाएगा। इस कार्य के प्रभावी रूप से सम्पादन हेतु 06 जून को मोजरवेयर 33 के.व्ही. लाइन फीडर अंतर्गत जैतहरी, वेंकटनगर, खूंटाटोला और चोरभठी सबस्टेशन से निकलने वाले सभी 11 के.व्ही. फीडर में प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहेगी। कार्य के अनुसार विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहने की समयावधि को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

चार साल से न्याय की लगा रहा गुहार, लेकिन किसी ने नहीं सुनी फरियाद

सरकारी सिस्टम' से हताश किसान ने कलेक्ट्रेट परिसर में की 'अग्नि स्नान' की कोशिश

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में उस समय हड़कंप मच गया जब ग्राम सकरा निवासी किसान भगवानदास गोड़ ने प्रशासन से न्याय न मिलने से तंग आकर आत्मदाह का प्रयास किया। किसान ने परिसर के अंदर अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश की, लेकिन समय रहते वहां मौजूद लोगों और कर्मचारियों ने उसे पकड़ लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसान से उसकी समस्या जानने का प्रयास किया। समझाइश के बावजूद भगवानदास कलेक्ट्रेट परिसर में सिर पटकने लगा। स्थिति को बिगड़ते देख कोतवाली पुलिस ने उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। पीडित भगवानदास का कहना है कि ग्राम छीरापटपर स्थित उसकी चार एकड़ पुश्तैनी जमीन पर एक व्यक्ति ने अवैध कब्जा कर लिया है। बीते चार वर्षों से वह तहसील, एसडीएम और कलेक्टर कार्यालय के चक्कर काट रहा है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

मानसिक तनाव में था किसान

भगवानदास गोड़ की मां बत्तू बाई ने बताया कि बेटा कई वर्षों से न्याय की आस में दर-दर भटक रहा था। अधिकारियों की उदासीनता और सुनवाई न होने से वह मानसिक रूप से टूट गया था और आत्मदाह जैसा गंभीर कदम उठाने को मजबूर हुआ। घटना के बाद किसान की जिद और आत्मघाती प्रयास को देखते हुए तहसीलदार द्वारा प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके तहत कोतवाली पुलिस ने भगवानदास के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 151 के तहत मामला दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। तहसीलदार ने जेल वारंट जारी कर किसान को जेल भिजवा दिया।

प्रशासनिक व्यवस्था पर उठे सवाल

इस घटना ने एक बार फिर प्रशासन की कार्यप्रणाली और ग्रामीण समस्याओं के प्रति उसकी संवेदनशीलता पर प्रश्न चिह्न लगा दिया है। किसान की आत्महत्या की कोशिश यह दर्शाती है कि लापरवाही और निर्णयों में देरी आमजन को किस हद तक निराश कर सकती है।

विश्व पर्यावरण दिवस पर रेलवे कांग्रेस ने किया वृक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। विश्व पर्यावरण दिवस पर रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर के द्वारा रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव के मुख्य आतिथ्य मे रेलवे आंवला पार्क अनूपपुर में जामून एवं आंवला नीम पेड़ लगाया गया। रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर के शाखा सचिव जयंतो दास गुप्ता ने बताया कि मजदूर कांग्रेस बिलासपुर मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री, उप मंडल समन्वयक रविन्द्र कुमार रवि धल के निर्देश व सी आई सी प्रभारी जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव के मार्गदर्शन में प्रत्येक वर्ष 05 जून से 15 अगस्त तक मजदूर कांग्रेस के अनूपपुर, मनेंद्रगढ़, करंजी, पेन्ड्रारोड़, शहडोल, उमरिया सहित बिलासपुर मंडल के सभी शाखाओं में वृक्षारोपण कार्यक्रम कर वृक्ष लगाकर मजदूर कांग्रेस पर्यावरण संरक्षण में संगठन योगदान देता है। शाखा सचिव अनूपपुर जयंतो दास गुप्ता ने बताया कि अनूपपुर रेलवे आंवला पार्क में विगत दस वर्षों के वृक्षारोपण अभियान के तहत 50 आंवला के वृक्ष लगाकर लगातार संरक्षण कर बेहतरीन आंवला पार्क तैयार कर एक मिसाल कायम की है। पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने में रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर के पदाधिकारी शाखा अध्यक्ष सिराज मंसूरी, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक कुमार राय, उपाध्यक्ष रामदास राठौर, आशादीप तिर्की, सचिव जयंतोदास गुप्ता, सहायक सचिव एस संजीव राव, कोषाध्यक्ष सदाशिव पांडे, मुकेश यादव, पप्पू कुमार, रविकुमार व असंगठित कामगार कर्मचारी संघ अध्यक्ष अजय चौधरी का योगदान रहा।

गंगा दशहरा में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था डुबकी

स्नान कर पूजन अर्चन कर मां नर्मदा का लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक। प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में गंगा दशहरा के पावन अवसर पर दूरस्थ अंचलों से आए भक्त श्रद्धालुओं तीर्थ यात्रियों ने पूरे भक्ति भाव के साथ पतित पावनी पुण्य सलिला मां नर्मदा जी के रामघाट तट आरंडी संगम तथा कोटि तीर्थ घाट कुंड आस्था की डुबकी लगाई स्नान दर्शन कर नर्मदा मंदिर में कतारबद्ध होकर माता नर्मदा जी का दर्शन किया तथा पूजन अर्चन किया। उल्लेखनीय है कि गंगा दशहरा के पावन अवसर पर दूर दराज के अंचल से लगभग 24--25 हजार से भी अधिक भक्त श्रद्धालु तीर्थ यात्रीगण स्नान दर्शन पूजन किया है आज सुबह से ही भक्त श्रद्धालुओं के द्वारा नर्मदा जीके घाटों में डुबकी लगाई जाने का क्रम शुरू हो गया है। गंगा दशहरा के पावन अवसर पर आरंडी संगम में सुबह से ही पूजन अर्चन हवन का शुरू हो गया है इसके साथ ही आश्रम में ब्रह्मलीन संत सीताराम दास जी महाराज तथा उनके शिष्य ब्रह्मलीन गुरु पूजन अर्चन किया गया तथा आश्रम परिसर में विशाल भोजन प्रसादी भंडारा कराया गया। पुरोहित पंडित धनेश द्विवेदी वंदे महाराज ने कहा कि ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष दशमी हस्त नक्षत्र सर्वार्थ सिद्धि योग में गंगा दशहरा का विशेष महत्व है इसमें एक साथ पतित पावनी मां गंगा एवं मां नर्मदा जी के स्नान दर्शन पूजन का दोनों का संयुक्त पुण्य लाभ मिल जाता है जो महत्व गंगा में स्नान का है वही महत्व नर्मदा जी में दर्शन मात्र से मिलता है दोनों ही मां गंगा एवं नर्मदा का पुण्य फल लाभ मिलता है दोनों ही पुण्यदायिनी है मनुष्य के पापों को हरने वाली है। पंडित राजेश पाठक ने कहा कि गंगा दशहरा का विशेष पौराणिक एवं पारंपरिक ऐतिहासिक महत्व है मां नर्मदा पुण्यदायिनी पापनाशिनी है।

चोड़ी घाट में अवैध खनन का खुला खेल

कोतमा वन विभाग की चुप्पी से माफियाओं के हौसले बुलंद

हरिभूमि न्यूज़ जमुना/बदरा। जिले के चोड़ी घाट कुदरा जंगल क्षेत्र में इन दिनों अवैध रेता खनन अपनी चरम सीमा पर है यह क्षेत्र कोतमा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत भालूमाडा और लतार बीट में आता है जहां के बीट गार्ड राकेश हैं जहां हर गतिविधि वन नियमों के तहत नियंत्रित होनी चाहिए लेकिन यहां वन नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और वन विभाग तमाशबीन बना बैठा है। केवट और प्रकाश के साथ पांच अन्य लोगों द्वारा इस इलाके में प्रतिदिन 30 से 35 ट्रैक्टर रेता का अवैध परिवहन किया जा रहा है ट्रैक्टर दिन में दिन दहाड़े चलते हैं, और नदियों की कोख से रेता खींचकर बाहर ले जाया जाता है यह कोई छुपी हुई या रात के अंधेरे में की जा रही चोरी नहीं है, बल्कि यह अपराध अब इतने खुले तौर पर हो रहा है कि पूरे गांव को इसकी जानकारी है सिवाय उन जिम्मेदारों के, जिनका कर्तव्य इसे रोकना है। वन विभाग की यह चुप्पी सिर्फ लापरवाही नहीं बल्कि संदिग्ध चुप्पी बन चुकी है। क्षेत्र के लोग हैरान हैं कि जिस जगह पत्ते तोड़ने पर चालान हो जाता है वहां भारी-भरकम मशीनें और ट्रैक्टर नदियों को खोद रहे हैं और वन विभाग के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही ऐसे में यह सवाल अब आम हो गया है कि क्या विभाग की मिलीभगत के बिना इतनी बड़ी मात्रा में रेता का परिवहन संभव है। रेता का अवैध खनन कोई छोटा-मोटा सौदा नहीं है। एक ट्रैक्टर रेता की कीमत औसतन 4 से 5 हजार रुपये होती है जब प्रतिदिन 30-35 ट्रैक्टर भरकर निकलते हैं, तो हर महीने लाख रुपये की सरकारी संपत्ति चोरी हो रही होती है। साल भर में यह नुकसान करोड़ों में पहुंच जाता है यह महज आंकड़े नहीं हैं यह उस प्रशासनिक विफलता का जीता-जागता प्रमाण है, जिसे आम जनता हर दिन झेल रही है। पर्यावरण पर इसके गंभीर प्रभाव दिखाई देने लगे हैं रेता निकालने से नदियों के किनारे कट रहे हैं, जलस्तर गिर रहा है और जमीन की उर्वरता खत्म हो रही है जहां पहले हरे-भरे वन क्षेत्र थे, अब वहां गड्ढे और उजड़े मैदान नजर आ रहे हैं वन विभाग की चुप्पी और निष्क्रियता केवल आर्थिक अपराध को नहीं बढ़ा रही, बल्कि पारिस्थितिक आपदा को भी न्योता दे रही है। स्थानीय लोगों ने कई बार वन विभाग को शिकायतें दीं, अवैध खनन की जानकारी भी दी, लेकिन हर बार उन्हें या तो अनसुना कर दिया गया या टालमटोल कर जवाब दिया गया या फिर उन्ही रेता चोरों को बुलाकर पंचनामा तैयार कर लिया गया कि यहां पर रेता चोरी नहीं हो रही है कई ग्रामीणों का कहना है कि जब वे अवैध खनन का विरोध करते हैं, तो माफिया तत्व उन्हें धमकाते हैं लेकिन वन विभाग की तरफ से न तो कोई सुरक्षा का आश्वासन मिलता है, न ही कोई ठोस कार्रवाई होती है ऐसे में माफियाओं का मनोबल और अधिक बढ़ जाता है और आम नागरिक की हिम्मत टूटने लगती है। वन विभाग की यह चुप्पी अब गुनाह में भागीदारी बन चुकी है। यदि यही हाल रहा तो कुछ वर्षों में यह पूरा क्षेत्र पर्यावरणीय संकट की चपेट में आ जाएगा शासन को इस पर तत्काल संज्ञान लेना चाहिए और उच्च स्तरीय जांच बैठाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करनी चाहिए जो अधिकारी अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा पा रहे हैं उन्हें पद से हटाया जाना चाहिए। आज चोड़ी घाट कुदरा जंगल सवाल पूछ रहा है क्या वन विभाग सिर्फ नाम का है। क्या पर्यावरण की रक्षा सिर्फ कागजों में होती है। और क्या जनता की आवाज़ तब ही सुनी जाएगी जब सब कुछ खत्म हो जाएगा।

इनका कहना है

गौतम मेरे पास कई दिन फोन लगाए हैं मैं वहां अपने स्टाफ को भेज कर चेक कर लिया हूं। वह भूमि जहां से रेता निकल रहा है वह फॉरेस्ट का नहीं बल्कि राजस्व की भूमि है मैं जीपीआरएस से भी चेक कर लिया हूं।

हरीश तिवारी, रेंजर
वन विभाग कोतमा

सरस्वती शिशु मंदिर में समर कैंप और विश्व पर्यावरण दिवस का संयुक्त आयोजन

रचनात्मकता, संस्कृति से भरपूर रहा समर कैंप का चौथा दिन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अनूपपुर में चल रहे ग्रीष्मकालीन समर कैंप का चौथा दिन विशेष उत्सव और जागरूकता के वातावरण में सम्पन्न हुआ। संयोगवश यह दिन विश्व पर्यावरण दिवस होने के कारण विद्यालय परिसर में बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ मिलकर विविध गतिविधियों और वृक्षारोपण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समर कैंप के आयोजक संजय विश्वास के नेतृत्व में बच्चों ने विविध कलात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा नृत्य, संगीत, पेंटिंग, क्राफ्ट एवं खेलकूद जैसी गतिविधियों से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

वृक्षारोपण और पर्यावरण जागरूकता संदेश

इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक आदर्श दुबे एवं प्राचार्य सतीश सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ₹पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन की क्रिया नहीं, अपितु जीवन का स्थायी संकल्प होना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय का प्रयास है कि शिक्षा केवल किताबी न होकर जीवनमूल्यों और प्रकृति से जुड़ी हो। बच्चों ने पेड़ लगाकर प्रकृति से जुड़ाव को महसूस किया कथक नृत्य की प्रस्तुति से परिसर गूंज उठा पायल-घुंघरू निर्माण, क्राफ्ट, मूर्ति निर्माण में बच्चों ने अद्भुत सृजनशीलता दिखाई खेलकूद और झूले बच्चों के लिए विशेष आकर्षण रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीमा विश्वास, रोसलीन उरांव, पूजा मिश्रा, आशा मरावी, सृष्टि विश्वास, विनोद वर्मा, शिल्पी कौर, सुमित नायक आदि शिक्षकों एवं प्रशिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय की आचार्य दीदी व मास्टर ट्रेनर्स की भूमिका सराहनीय रही।

कल्याण सेवा आश्रम ने पर्यावरण संरक्षण संवर्धन का किया कार्य

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक। पवित्र नगरी अमरकंटक के कल्याण सेवा आश्रम में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में अपना हाथ बढ़ाते हुए मुक्तिधाम के सामने जिला प्रशासन द्वारा दिए गए भूमि में एक हजार फलदार पौधों का रोपण गत वर्ष पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर किया था उक्त रिक्त भूमि में सुरक्षा के दृष्टिकोण से कटीले फेंसिंग लगाकर आज भी लगे वृक्षों की सुरक्षा संरक्षण का कार्य किया जा रहा है सभी लगाए गए पौधे पूर्णतः तीव्र गति से बढ़कर हरियाली एवं पर्यावरण की ओर अग्रसर है। बताया जाता है कि उक्त भूमि में एक हजार वृक्षों का रोपण विगत वर्ष किया गया था इस 1 वर्ष के दौरान जो भी पौधे गिर गए टूट गए या नष्ट हो गए उन्हें हटाकर इस स्थल पर नए पौधे लगाए गए एक कर्मचारी जो की पौधों की देखभाल सुरक्षा का कार्य करता है हुआ है पानी डालना तथा वर्षा एवं शरद ऋतु में उसमें छाया की व्यवस्था करता है तथा ग्रीष्म काल में समय-समय पर पानी आदि से सिंचाई करता है तथा भीषण ठंड एवं पाला आदि से बचाव के कार्य हेतु निरंतर जुटा रहता है। उल्लेखनीय है कि कल्याण सेवा आश्रम अपनी सेवाभावी योजना के तहत कई समाजसेवी गतिविधियों में लगा रहता है तो वहीं दूसरी ओर पर्यावरण के संरक्षण संवर्धन हेतु भी अपनी सहभागिता प्रदर्शित करता है । गत वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कल्याण सेवा आश्रम को नियत भूमि में प्रशासन के अधिकारियों नगर के जनप्रतिनिधियों साधु संतों एवं समाजसेवियों ने उक्त स्थल पर वृक्षारोपण करने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था एक हजार पौधों का रोपण तत्समय किया गया था।

विश्व पर्यावरण दिवस पर "एक पेड़ मां के नाम" अभियान का हुआ शुभारंभ

जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया सामतपुर तालाब परिसर में पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अनूपपुर जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ सामतपुर तालाब परिसर में किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक बिसाहू लाल सिंह, कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सीताफल एवं अमरूद के पौधे रोपित कर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती वाल्मीकि राठौर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर कमलेश पुरी सहित जिले के विभिन्न विभागों के विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण एवं आमजन उपस्थित थे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से प्रारंभ एक पेड़ मां के नाम अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को मातृत्व सम्मान से जोड़ते हुए जनसामान्य को अधिकाधिक पौधारोपण के लिए प्रेरित करना है। यह अभियान जिले में 5 जून से 30 सितंबर तक संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक अनूपपुर बिसाहू लाल सिंह ने आमजन से अपील की कि वे इस अभियान में सहभागी बनकर अपने घर, खेत, बाड़ी, सार्वजनिक स्थलों आदि में एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका संरक्षण करें।

उन्होंने कहा कि "एक पेड़ मां के नाम" न केवल प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी है, बल्कि यह मातृवंदना का अभिनव माध्यम भी है। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जानकारी दी कि जिले के सभी नगरीय निकायों, पंचायतों, शैक्षणिक संस्थानों एवं सरकारी कार्यालयों में इस अभियान को जनभागीदारी से क्रियान्वित किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे इस अभियान को व्यक्तिगत जिम्मेदारी मानकर पौधारोपण में भाग लें और पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने में सहयोग दें। नगरीय निकायों तथा जनपद पंचायतों में भी किया गया पौधरोपण विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के सभी नगरीय निकायों तथा जनपद पंचायतों में भी एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण किया गया।

कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया पौधरोपण

संयुक्त कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के अंतर्गत भव्य पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) रामलाल रौतेल, कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह, उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती वाल्मीकि राठौर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पौधारोपण किया। कार्यक्रम में करंज एवं जामुन के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया गया। उन्होंने कहा कि एक वृक्ष न केवल प्राणवायु का स्त्रोत है, बल्कि यह धरती की हरियाली, जल-संरक्षण एवं जैव विविधता के संरक्षण में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।